# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, सुपौल।

**Email ID.-ee.supaul.rwd2@gmail.com**

पत्रांक......701........../ सुपौल, दिनांक ....05.../...06..../2024

प्रेषक,

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, सुपौल।

सेवा में,

संवेदक,
Rajesh Kumar Yadav,
AT+PO- Abhuar, Therbitiya, Kishanpur, Supaul
Mob. No.-9470288461
Email ID- rkvabh@rediffmail.com

विषय :– BRRMS App के माध्यम से पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य का निरीक्षण के संबंध में।
प्रसंग :– इस कार्यालय का पत्रांक–576, दिनांक–04.05.2024

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि MMGSY (SC) योजनान्तर्गत आपके द्वारा निर्मित पथ L030 to Mandal Tola 2 पथ की लम्बाई– 1.000 किलोमीटर में BRRMS App के माध्यम से सहायक अभियंता के द्वारा Inspection के क्रम में पाया गया कि आपके पथ में पंचवर्षीय अनुरक्षण का कार्य ससमय नहीं किया गया है एवं निरीक्षण के क्रम में कई त्रुटियाँ पाई गई है। फलस्वरूप आपके पथ में SRI ग्रेड प्रदान किया गया है। पथ का सतत् अनुरक्षण नहीं होने से आम जनता को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है एवं जनप्रतिनिधियों में आक्रोश व्याप्त है। यह खेदजनक है एवं एकरारनामा के शर्तो का उल्लंघन है।

इस कार्यालय का पत्रांक–576, दिनांक–04.05.2024 द्वारा आपको 15 दिनों के अंदर पथ का अनुरक्षण कार्य प्रारंभ करना सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिया गया था। लेकिन आपके द्वारा पूर्ण रूप से अनुरक्षण/सुधारात्मक कार्य नहीं किया गया है जो अत्यंत ही खेदजनक है। फलस्वरूप अधोहस्ताक्षरी के द्वारा आपके पथ में SRI ग्रेड प्रदान किया गया है। तद्आलोक में अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, मधेपुरा द्वारा 15 दिनों के अन्दर आपके पथ का BRRMS App से अनुरक्षण/सुधारात्मक कार्य का निरीक्षण किया जाना है।

अतः आपको पुनः स्मारित किया जाता है कि संबंधित सहायक अभियंता/कनीय अभियंता के देखरेख में अविलम्ब अनुरक्षण कार्य को पूर्ण करें। अन्यथा बाध्य होकर एकरारनामा के सुसंगत कंडिकाओं के तहत दण्डानात्मक कार्रवाई प्रारंभ कर दी जायेगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होगें।

**इसे गंभीरता से लिया जाय।**

विश्वासभाजन
05/6/24
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, सुपौल।
05/6/24